हरिभूमि
# नर्मदापुरम भूमि फ्रंट पेज
भोपाल, सोमवार 29 अप्रैल 2024

04 सबका साथ, सबका विकास की सोच के साथ केंद्र ...



07 सिलावट समाज का राज्य स्तरीय सम्मेलन ...





### मौसम के बदलाव का फसल पर असर, कीटनाशकों का भी नहीं हो रहा असर

# मूंग की फसल में इल्लियों का प्रकोप किसानों के माथे पर चिंता की लकीरें

जिले में करीब 2 लाख 92 हजार हेक्टेयर भूमि पर जिले के अन्नदाता मूंग की फसल का उत्पादन कर रहे हैं, लेकिन मौसम की मार से फसल में लगी इल्लियां किसानों के लिए परेशानी का सबब बनी हुई है। किसानों को समस्या समाधान की दरकार।

हरिभूमि न्यूज ▶▶ नर्मदापुरम



नर्मदापुरम जिले को कृषि प्रधान जिला माना जाता है। नर्मदापुरम में तवा परियोजना के माध्यम से जिले के किसान बेहतर उपज का उत्पादन करते हैं। इसके बावजूद भी जिले के किसान सीजन की तीसरी फसल मूंग में इल्ली का प्रकोप बढ़ने के कारण काफी परेशान हैं। किसानों का कहना है कि इल्लियों को फसल से नष्ट करने के लिए बार बार उपाय किए जा रहे हैं इसके बावजूद भी परिणाम सिफर ही हैं। किसानों का कहना है कि इस संकट की घड़ी में कृषि वैज्ञानिकों को आगे आकर मूंग की फसल में लगे इल्ली प्रकोप को समाप्त करने के लिए उचित सहायता उपलब्ध कराना चाहिए, ताकि फसल की बर्बादी से किसानों को बचाया जा सके और किसान आर्थिक संकट का सामना करना पड़े। फिलहाल किसान प्रकोप से परेशान हैं।

#### मौसम की मार बनी परेशानी

पिछले एक पखवाड़े से प्रदेश के साथ साथ नर्मदांचल में मौसम का मिजाज नरम गरम होने के कारण ग्रामीण अंचलों की भूमि पर लगी तीसरी फसल मूंग का उत्पादन प्रभावित हो रहा है। किसानों का कहना है कि पिछले कुछ दिनों से प्रदेश के साथ साथ नर्मदांचल में हुई बेमौसम बारिश फसलों के लिए परेशानी का सबब बन गई है। फसल के लिए अनुकूल मौसम नहीं होने के कारण मूंग की फसल में इल्ली लगातार बढ़ रही है। फसल से इल्ली को नष्ट करने के लिए किसानों ने रासायनिक दबाओं का इस्तेमाल भी किया है लेकिन यह प्रयास बेअसर साबित हुआ है। किसानों का कहना है कि दुकानदारों द्वारा कीट प्रकोप को दूर करने के लिए दबाएं दी जा रही है जो कि बेअसर साबित हुई है। ग्राम काजलखेड़ी के किसान उदय पांडे ने बताया कि माह अप्रेल में मूंग की बोवनी की गई थी लेकिन मौसम की मार से फसल में इल्ली की मात्रा लगातार बढ़ गई जिसे नष्ट करने के लिए कम से कम तीन से चार बार महंगी दवाओं का उपयोग किया गया। जिसका असर नहीं होने से किसान परेशान हैं।

#### अब मूंग की फसल से किसानों का मोह भंग

सिवनीमालवा के ग्राम कहारिया के किसान अमित दुबे ने बताया कि क्षेत्र में किसानों ने काफी उत्साह के साथ मूंग की फसल की बोवनी की थी लेकिन मौसम बिगड़नें के बाद फसल में लगी इल्ली से किसान परेशान हैं। उन्होंने बताया कि पहले की गई बोवनी की फसल में इल्ली का प्रकोप शुरू होने के साथ ही दबाओं का छिड़काव कर चुके हैं लेकिन इल्ली नष्ट नहीं हो रही है। जिससे फसल बर्बादी की ओर है। उन्होंने बताया कि यदि इल्ली का प्रकोप को नष्ट करने के लिए कोई उपाय नहीं मिला तो अब किसानों का मूंग की फसल बोवने के लिए मोह भंग हो रहा है। उन्होंने कृषि वैज्ञानिकों से तत्काल संकट का समाधान कराने की मांग की है।

#### कीटनाशक का छिड़काव बना परेशानी का सबब

क्षेत्र के उन्नत किसान उमाशंकर शर्मा ने बताया कि मौसम की वजह से यदि इल्ली का प्रकोप फसल की फली पर नजर आता है तो किसानों को जहरीली दबा का छिड़काव शुरूआती दौर में कम करना चाहिए। उन्होंने बताया कि यदि कम रासायनिक दबा का छिड़काव किया जाता तो अब होने वाली दबा इस्तेमाल का असर निश्चित ही दिखाई देता।

**इनका कहना है**

यह सही है कि अधिकांश किसानों ने मूंग की फसल में अधिक रासायनिक प्रोटेंसी की दबा का इस्तेमाल किया है तो अब यह दबा बेअसर हो रही है। हम विभाग के अधिकारियों को भेजकर किसानों को उचित सलाह देंगे। जिससे किसानों को अधिक नुकसान न हो। फिलहाल किसान परेशान न हो समस्याओं का समाधान हो सकता है।

**जेआर हेड़ाऊ,** उप संचालक, कृषि विभाग, नर्मदापुरम

# आपसी रंजिश में युवक ने दो भाइयों पर किया ब्लेड से हमला, घायल

हरिभूमि न्यूज ▶▶ नर्मदापुरम

नर्मदापुरम के इटारसी में एक बदमाश ने शराब के नशे में 2 भाइयों पर ब्लेड से हमला कर दिया। घटना में एक युवक की नाक और दूसरे के हाथ में चोट आई। घटना शनिवार रात करीब 8 बजे की है। रंजिश के चलते विवाद हुआ। जिसके बाद फरियादी पक्ष के लोगों ने भी आरोपी की धुनाई कर दी। घायलों को अस्पताल उपचार के लिए ले जाया गया। ब्लेड से हमला करने वाले आरोपी को गिरफ्तार कर थाने लाया गया। फरियादी नरेंद्र प्रजापति की शिकायत पर आरोपी आनंद कटारे के खिलाफ पुलिस ने मुकदमा दर्ज किया। रविवार को आरोपी को कोर्ट पेश किया है। पुलिस के मुताबिक आरोपी आनंद कटारे निवासी न्यास कालोनी झुग्गी-झोपड़ी के खिलाफ मारपीट, गांजे के अपराध दर्ज हैं। फरियादी नरेंद्र प्रजापति भी न्यास कालोनी में रहता है। शनिवार रात को आरोपी शराब के नशे में फरियादी के घर के पास आया। पुराने विवादों को लेकर फरियादी नरेंद्र से विवाद करने लगा। उसे उल्टा-सीधा कहा। कुछ देर बाद उसने ब्लेड से नरेंद्र के ऊपर हमला किया। जिससे उसकी नाक में चोट आई। बचाव में उसका भाई कमलेश आया तो उसके हाथ पर भी आरोपी ने ब्लेड मार दी। दोनों भाई को चोट लगने से खून निकलने लगा। फरियादी की शिकायत पर आरोपी आनंद कटारे के खिलाफ केस दर्ज किया। आरोपी आनंद इतना नशे में था कि वो गिरफ्तारी के बाद थाने में भी अभद्र भाषा का प्रयोग कर रहा था। आनंद कटारे की बहन ने भी आरोप लगाया कि मैं मेरी बहन मिलकर अपने भी को पकड़कर घर ले जा रहे थे तब मोहल्ले के कमलेश, नरेंद्र गोलन और उमेर ने मेरे भाई से मारपीट की। हमले हाथापाई की। उनकी तरफ से भी शिकायत की गई है।

# चोरों ने दुकान से चुरा ले गए 20 हजार नकदी

हरिभूमि न्यूज ▶▶ इटारसी



शहर में चोर फिर सक्रिय हो गये हैं। पिछले वर्ष लगातार चोरियों के बाद महाराष्ट्र के आरोपियों की गिरफ्तारी के बाद बहुत हद तक ऐसी घटनाओं पर विराम लगा था। होटल प्रेसिडेंट के पीछे स्थित मन्नू तेजवानी की दुकान पर चोरों ने 20 हजार से ज्यादा की नकदी पर हाथ साफ कर पुलिस के समक्ष फिर चुनौती पेश की है। गौरतलब है कि होटल प्रेसीडेंट के पीछे स्थित मन्नू तेजवानी की किराना दुकान से अज्ञात चोरों ने शनिवार देर रात दुकान में रखी 20 हजार रुपए से अधिक की चिल्लर चुरा ली। घटना की जानकारी दुकानदार मन्नू तेजवानी रविवार सुबह लगी जब वह दुकान खोलने पहुंचे। तेजवानी के अनुसार चोरों ने दुकान के ताले तोड़े और भीतर उजाला करने के लिए आग जलाई थी, चोर दुकान में रखी 20 हजार से ज्यादा की चिल्लर ले गए हैं। चोरी की रिपोर्ट पुलिस स्टेशन में दर्ज करा दी गई है। नगर निरीक्षक गौरव सिंह बुंदेला ने कहा है कि मामला दर्ज कर जांच प्रारंभ कर दी है।

#### मारपीट के मामले दर्ज

**नर्मदापुरम।** नगर के देहात थाने में दो अलग अलग फरियादियों द्वारा मारपीट की शिकायत दर्ज कराई गई है। देहात थाना नर्मदापुरम से मिली जानकारी के अनुसार समीपस्थ ग्राम पांजरा कला निवासी भगवतराम केवट ने रिपोर्ट दर्ज कराई है कि आरोपी छोटू केवट एवं विशाल केवट द्वारा उनके साथ मारपीट करते हुए जान से मारने की धमकी दी है। पुलिस ने फरियादी की शिकायत पर आरोपियों के खिलाफ मामला दर्ज कर लिया है। इसी तरह शहर के रसूलिया क्षेत्र में रहने वाले मेघश्याम मीना ने देहात थाने में रिपोर्ट दर्ज कराई है कि आरोपी गौतम मीना, रजक उर्फ गिन्नी चौबे एवं राजेश बरोले द्वारा गंदी गंदी गाली गलौंच कर मारपीट करते हुए जान से मारने की धमकी दी है। पुलिस ने दोनो मामलों में फरियादियों की शिकायत पर मामला दर्ज कर लिया है।

# आपदा अक्षय कोष को और मजबूत करेंगे




हरिभूमि न्यूज ▶▶ इटारसी

कड़ा मानकपुरी जिझोतिया ब्राह्मण समाज की आपदा कोष प्रबंधन की बैठक रविवार को हेमंत दुबे के घर पर ग्राम जमानी में संपन्न हुई। जिसमें कोष को और भी मजबूत करने, ग्राम एवं शहर स्तर पर सामाजिक बंधुओं से संपर्क करने का निर्णय लिया गया। साथ ही सहयोग राशि की आवश्यकता वाले बीमारी से ग्रसित, प्राकृतिक आपदा से पीड़ित, निराश्रित, आर्थिक रूप से कमजोर परिवार की जानकारी प्राप्त कर कोष प्रबंधन के उद्देश्य एवं नियमों के तहत आर्थिक सहयोग प्रदान करने का निर्णय लिया गया। हेमंत दुबे ने अपनी माताजी की पंचम पुण्यतिथि पर अपने परिवार की ओर से 21000 रुपए का चेक प्रदान किया साथ ही जमानी परिवार द्वारा आजीवन सदस्यता राशि भी प्रदान की गई।

समाज के कोष में अल्प समय में ही 11 लाख रुपए के लगभग राशि जमा हो चुकी है। इस अवसर पर अध्यक्ष कैलाश दुबे, कोषाध्यक्ष संतोष दीवान, अशोक दुबे, जयकिशोर दुबे, सुदर्शन दुबे, आलोक दीक्षित, संदीप तिवारी, हरीश दीवान, मनोज दीवान, सुनील दुबे एवं जमानी से अश्वनी दुबे, भोला दुबे सहित अनेक सामाजिक सदस्य उपस्थित रहे।

# सूर्यदेव की लुका छिपी से नर्मदांचल में बदला मौसम

### उमस भरी गर्मी से नागरिक परेशान



हरिभूमि न्यूज ▶▶ नर्मदापुरम

पिछले दो दिनों से नर्मदांचल में सूर्यदेव की लुकाछिपी से मौसम का मिजाज बदला जिससे नागरिकों को उमस गर्मी का सामना करना पड़ रहा है। मौसम परिवर्तन होने से लोगों की सेहत पर विपरित प्रभाव पड़ रहा है। विदित हो कि आसमान में बादल छाने और राजस्थान की ओर से चल रही गर्म हवाओं के चलते नर्मदांचल का तापमान भी परवान चढ़ने लगा है। मौसम विभाग के वैज्ञानिक पवन परिहार ने बताया कि रविवार को नर्मदापुरम का अधिकतम तापमान 40 डिग्री सेल्सियस और न्यूनतम तापमान 27.6 डिसे दर्ज किया गया है। पिछले दस दिनों में मौसम का मिजाज ऐसा रहा है। जबकि 18 अप्रेल को दिन का तापमान 40.9 डिग्री सेल्सियस दर्ज किया गया था। इसी तरह 19 अप्रेल को नर्मदापुरम का दिन का तापमान 41 डिसे, 20 अप्रेल को 39.7 डिसे, 21 अप्रेल को 40 डिसे, 22 अप्रेल को 34 डिसे, 23 अप्रेल को 27 डिसे, 24 अप्रेल को 38.5 डिसे, 25 अप्रेल को 40.5 डिसे, 26 अप्रेल को 40.1 डिसे, 27 अप्रेल को 39.6 डिसे, 28 अप्रेल को 40 डिसे दर्ज किया गया।

#### पुल के नीचे कर दी गई हत्या पुलिस जुटी जांच में

हरिभूमि न्यूज ▶▶ पिपरिया

ग्रामीण अंचलों में आए दिन बदमाशों की वजह से गांव के लोग परेशान हैं। आए दिन आपसी विवाद लोगों के लिए परेशानी का कारण बना हुआ है। विदित हो कि मंगलवारा थाने के अंतर्गत थाना प्रभारी गिरीश त्रिपाठी ने बताया कि शिवप्रसाद पिता श्याम लाल यादव उम्र 59 वर्ष निवासी खपड़िया के द्वारा शिकायत दर्ज कराई गई है कि 27 अप्रैल 2024 को भाई रवि शंकर के यहां भतीजे सीताराम यादव की शादी का कार्यक्रम था। जिसमें निलेश यादव पिता राम सिंह यादव 23 वर्ष खपरिया हाल निवासी हथवास अपने दोस्तों के साथ शामिल होने के लिए शादी में गया था रात्रि करीब 9:30 बजे अमित यादव ने बताया कि निलेश यादव खापरखेड़ा की पुलिया के नीचे पड़ा हुआ है। आकर देखा तो वहां पर पाया गया कि नितेश यादव के माथे पर सिर पर काफी छोटे काफी जगह से खून निकल रहा था किसी अज्ञात व्यक्ति के द्वारा उसकी हत्या कर दी गई है रिपोर्ट पर धारा 302 आईपीसी का प्रकरण दर्ज कर अज्ञात आरोपी के खिलाफ मामला दर्ज कर पुलिस के द्वारा जांच की जा रही है।

# 3 घेरों में स्ट्रांग रूम की सुरक्षा, कलेक्टर ने लिया सारी व्यवस्थाओं का जायजा

हरिभूमि न्यूज ▶▶ नर्मदापुरम



मप्र में लोकसभा चुनाव के दूसरे चरण की वोटिंग के बाद ईवीएम स्ट्रॉन्ग रूम में रखा दी गई। होशंगाबाद-नरसिंहपुर लोकसभा क्षेत्र की सभी आठों विधानसभा क्षेत्रों की ईवीएम को नर्मदापुरम मुख्यालय पर आईटीआई परिसर में बने स्ट्रांग रुम में रखी गई है। स्ट्रांग रूम की सुरक्षा को तीन लेयर में बांटा गया है।

स्ट्रांग रुम चारों तरफ से बैरिकेडिंग लगी है। स्ट्रांग रूम के पास में भीतर पहले लेयर में आईटीबीपी जवान तैनात किए गए हैं जो कि बंदूकों से लेस है। 24 घंटे पल-पल की नजर स्ट्रांग रूम में बनाए हुए हैं। इनके आगे वाले घेरे में सशस्त्र बल के जवान तैनात हैं। ये सुरक्षा जवानों का दूसरा घेरा है। तीसरा घेरा जिला पुलिस बल का है। इन तीन घेरे में से दो पहले वाले घेरे तक कोई नहीं जा सकता। जिला पुलिस बल के घेरे के पास तक लोग जा सकते हैं। कलेक्टर सोनिया मीना ने रविवार को स्ट्रांम रुम की सुरक्षा व्यवस्थाओं का जायजा लिया। उन्होंने उपस्थित अधिकारियों को सुरक्षा व्यवस्था बेहतर बनाने के निर्देश दिए।

विदित हो कि आईटीआई परिसर में बने स्ट्रांग रुम चारों तरफ से बैरिकेडिंग लगी है। कंधे पर बंदूक लटकाए पुलिस के 10 अधिकारी व जवान पहरा दे रहे है। पुलिस जवान के बाहर गेट के बाजू में टैंट लगा है। टैंट के अन्दर एक बड़ा डिस्प्ले चालू है। डिस्प्ले में स्ट्रांग रुम व परिसर में अंदर आने-जाने वाले गेट पर लगे सीसीटीवी कैमरे का लाइव फुटेज दिख रहा है। डिस्प्ले के सामने ही ड्यूटी वाले अधिकारी-कर्मचारियों के बैठने की व्यवस्था की गई है। जहां प्रत्याशी व उनके परिचित एजेंट ठहर व बैठ सकते है। जहां दो कुलर भी रखे है।

एसडीओपी पराग सैनी ने बताया ईवीएम की सुरक्षा थ्री लेयर घेरे में है। 30 से ज्यादा सीसीटीवी कैमरे लगे है। ईवीएम रखे हर एक रुम, कमरे के कोने और ईवीएम रुम गेट के बाहर और प्रवेश करने वाले मुख्य गेट पर कैमरे लगे है। सभी कैमरे की रिकार्डिंग व लाइव प्रसारण बाहर लगे डिस्प्ले पर हो रहा है। स्ट्रांग रुम के अंदर होने वाले वाली एक्टिविटी पर सीसीटीवी कैमरे से नजर रखी जा रही है। 4 जून को मतगणना के दिन ही सभी की मौजूदगी में ईवीएम मशीनों के कमरों की सील खुलेगी।

#### मां की स्मृति में बेटियों को दी 25 हजार आर्थिक सहायता



**नर्मदापुरम।** सेवा भारती संस्था मध्य भारत नर्मदापुरम की संस्था में आज समाजसेवी व्दारा अपनी मां की स्मृति में बेटियों के लिए सहयोग राशि दी गई। पूर्व कलेक्टर स्वर्गीय केशरी सिंह चौहान के बेटे राजेंद्र सिंह चौहान ने अपनी मां कृष्णादेवी चौहान की स्मृति में सेवा भारती संस्था के जिला अध्यक्ष सतीश अग्रवाल (सांवरिया) को सहयोग राशि की दूसरी किस्त का चेक 25 हजार रूपये का भेंट किया। ज्ञात रहे कि सेवा भारती मध्य भारत नर्मदापुरम द्वारा संचालित धुरपन गांव में स्थित छात्रावास की बेटियों के रहने भोजन एवं पढ़ाई के लिए यह चेक दिया गया है। यह चेक उन्होंने दूसरे साल की किस्त का दिया है। इस संस्था में एक बेटी को 7 वर्ष के लिए गोद लिया जाता है।

# बंद घर में आधी रात को लगी आग गृहस्थी का लाखों का सामान खाक

### दमकल ने काफी मशक्कत के बाद आग पर पाया काबू

हरिभूमि न्यूज ▶▶ शोभापुर




शनिचरा बाजार स्थित आलोक जैन के घर में बीती रात करीब 2 बजे के आसपास अज्ञात कारणों से आग लग गई। आग लगने की घटना जब तक ग्रामीणों को पता चलती काफी देर हो गई थी। ग्रामीणों ने करीब 3 बजे दमकल को बुलवाकर आग में काबू पाया गया। दमकल ने काफी कड़ी मशक्कत के बाद आग पर काबू पाया लेकिन तब तक घर का सारा सामान जलकर खाक हो चुका था।

गनीमत रही कि आग आस पड़ोस के घरों में नही पहुंची अन्यथा बहुत बड़ी क्षति का अनुमान लगाया जा रहा था। प्रत्यक्ष दर्शियों ने बताया कि आग आलोक जैन के घर में लगी। जब आग लगी तब आलोक जैन धार्मिक कारणों से अन्यत्र कहीं थे। घटना की जानकारी लगने के बाद वो घर आएं देखा कि उनके घर की गृहस्थी का सारा सामान जलकर राख हो चुका है उन्होंने बताया कि उनकी माता जी का सामान ( किताबे, स्वरचित भजन ) वा अन्य जरूरी दस्तावेज भी जलकर राख हो चुके हैं। स्वामी आलोक जैन ने भरे गले से बताया कि बस यादें बची है बाकी सब कुछ जल चुका है। कयास लगाए जा रहे हैं कि आग शार्ट सर्किट से लगना हो सकता है।

### श्री सिद्धनाथ धाम जहां सतपुड़ा के पहाड़ों पर बारह महीनों बहता है पानी

# पाताल गंगा के जल से दूर होता है चर्मरोग

हरिभूमि न्यूज ▶▶ नर्मदापुरम

नर्मदापुरम जिले में सतपुडा की वादियों में अपार संभावनाएं है पर्यटन में साथ ही इन अपार संभावनाओं के बीच ऐसे कई स्थान हैं जो पर्यटन के लिए ओर पर्यटकों के लिए नया अनुभव भी लेकर आएगा साथ ही पर्यटन में अपार संभावनाओं में नया पर्यटन के साथ क्षेत्रों का विकास ही नही नया रोजगार भी उपलब्ध कराएगा बस एक पहल प्रशासन की ओर मध्यप्रदेश पर्यटन विभाग की इस क्षेत्र में बड़ा बदलाव ओर विकास लाएगा। मध्यप्रदेश एवं जिले के प्रसिद्ध पर्यटन मढ़ई के नजदीक ऐसे ही सतपुडा की पहाड़ियों में प्रकृति के अदभुत नजारों के बीच सोहागपुर के नजदीक पर्यटन स्थल मढ़ई के रास्ते मे श्री सिद्ध नाथ धाम के नाम की एक पवित्र स्थान है जहां पर महादेव का मंदिर है। जो सतपुडा के पहाड़ों के बीच स्थित है श्री सिद्धनाथ धाम जगह के बारे में स्थानीय लोगों एवं पुजारी द्वारा बताया जाता है कि इस स्थान पर बहुत समय से एक पानी का स्थान है जिसे पाताल गंगा के



नाम से जाना जाता है यहां से दूर दूर तक पानी नही है लेकिन यह स्थान ऐसा है जहां पर पानी की ऐसी झिर जो कभी बंद नही होती इससे कितना भी पानी निकालो कम नही होता है इस पानी के स्नान से चर्मरोग की बीमारियां भी हटती है यहां पर जंगल के जानवर पानी पीने पहुंचते हैं यही नहीं यहां पर प्रसिद्ध श्री सिद्धनाथ धाम के स्थान पर जो भी भक्त अपनी मनोकामना लेकर पहुंचता है उसकी मनोरथ पूर्ण होती है इस जगह भरता है महाशिवरात्रि पर मेला जिसकी सम्पूर्ण देखरेख यहाँ की समिति ही करती है नर्मदापुरम जिला प्रशासन द्वारा समिति से बात की गई है जल्द ही इसका प्रपोसल बनाकर मध्यप्रदेश टूरिज्म बोर्ड को दिया जाएगा ताकि इस जगह पर धार्मिक पर्यटन की गतिविधियां बढ़ाई जा सके। सिद्धनाथ मंदिर तक पहुंचने के लिए हवाई मार्ग से भोपाल पहुंचकर सड़क मार्ग के माध्यम से वहां पहुंचा जा सकता है नर्मदापुरम से 62 किलोमीटर इटारसी से मात्र 76 किलोमीटर ओर भोपाल से 135 किलोमीटर पर इन स्थानो से श्री सिद्धनाथ बाबा मंदिर तक आसानी से स्वयं के एवं किराये के साधनों से सड़क मार्ग से पहुंचा जा सकता है। सिद्धनाथ बाबा के नजदीकी पर्यटन स्थल मढ़ई,नर्मदापुरम का प्रसिद्ध पर्यटन स्थल विश्व प्रसिद्ध नर्मदा जी का सेठानी घाट,पचमढ़ी,जैसे अन्य पर्यटन भी मौजूद है यहां पहुंचने वाले पर्यटकों के लिए एक नया पर्यटन भी मिल सकेगा साथ ही होगा क्षेत्र का विकास ओर पर्यटकों को स्थानीय व्यंजनों एवं पारंपरिक संस्कृति का अनुभव भी ले सकेंगे साथ ही पर्यटकों की आवाजाही से मिलेगा लोगो को रोजगार ओर क्षेत्र का विकास होगा।

**खबर संक्षेप**

### नलजल योजना का शुरू किया निर्माण कार्य

**बैतूल।** भीमपुर ब्लॉक की ग्राम पंचायत दामजीपुरा के भारगढ़ ग्राम में पीने के पानी के लिए ग्रामीण तपती गर्मी में पसीना बहाने के लिए मजबूर हो रहे थे। पानी की समस्या को लेकर दैनिक हरिभूमि ने प्रमुखता से अपने बैतूल पेज पर पिछले दिनों प्रकाशित किया थ जिससे अधिकारियों में हड़कंप मच गया, और इसके बाद शनिवार को आनन-फानन में ग्राम में नलजल योजना का निर्माण कार्य शुरू कर दिया है। गौरतलब है कि ग्राम पंचायत दामजीपुरा के ग्राम भारगढ़ के ग्रामीणों के द्वारा पानी की समस्या को लेकर पिछले दिनों लोकसभा के चुनाव का बहिष्कार और वोट न डालने की चेतावनी दी थी जिससे जिले के अधिकारियों में हड़कंप मच गया था, जिसको लेकर शनिवार दोपहर बाद में नलजल योजना का निर्माण कार्य शुरू कर दिया। नलजल का निर्माण कार्य शुरू होने से ग्रामीणों के चेहरे पर खुशी की लहर देखी जा रही है।

### छात्रवृत्ति के लिए 30 तक कर सकते हैं आवेदन

**सीहोर।** जिले के अनुसूचित जनजाति वर्ग के छात्र-छात्राओं शैक्षणिक सत्र 2022-23 एवं 2023-24 के लिये एमपी टास्क पोर्टल पर पोस्ट मैट्रिक छात्रवृत्ति एवं आवास सहायता एप्लाई एवं अपलोड (नवीन एवं नवीनीकरण) के लिए 30 अप्रैल तक के लिए आवेदन करने की सुविधा प्रदान की गई है।

## मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव ने मलाजपुर गुरु बाबा साहब के प्रांगण में जनसभा को संबोधित किया

# सबका साथ, सबका विकास की सोच के साथ केंद्र सरकार कर रही काम : सीएम





### भाजपा के सांसद प्रत्याशी दुर्गादास उइके ने कहा- प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी है जिन्होंने आदिवासी महिला को राष्ट्रपति बनाने का काम किया

हरिभूमि न्यूज ▶▶ सारनी

भगवान श्री राम के जन्म को यदि किसी ने न करने का काम किया है, तो वह कांग्रेस पार्टी के माध्यम से किया गया है। कांग्रेस पार्टी के माध्यम से न्यायालय में हलफनामा देकर कहा गया कि भगवान श्री राम का जन्म अयोध्या में नहीं हुआ उन्होंने चुनावी आमसभा को मलाजपुर गुरु बाबा साहब के प्रांगण में संबोधित करते हुए कहा कि वर्ष 2014 में देश की जनता ने प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी को वोट दिया जिसके फल स्वरुप आतंकवाद का खत्म करने का कार्य किया है। किसी समय पाकिस्तान भारत में घुसकर सैनिकों के सिर को काट कर ले जाया करता था लेकिन नरेंद्र मोदी की सरकार बनने के बाद पाकिस्तान में घुसकर दुश्मनों को मुंहतोड़ जवाब देने का कार्य किया गया। उन्होंने कहा कि अधर्म के खिलाफ लड़ने वाले भगवान कृष्ण की नगरी क्षेत्र की जनता को बुला रही है और वह इसका निराकरण मतदान करके दे उन्होंने संपूर्ण आमसभा में उपस्थित जनसभा को हाथ में मुट्ठी बंद करवा कर मतदान अधिक से अधिक करने का संकल्प दिलाया है।

उन्होंने अपनी सभा में कहा कि सन 1996 से बैतूल हरदा हरसूद क्षेत्र के मतदाता भारतीय जनता पार्टी को अपना मत देकर डबल इंजन की सरकार बनाने का कार्य कर रही उन्होंने आम सभा स्थल पर कांग्रेस के खिलाफ जमकर बोलते हुए कहा कि अटल सरकार के समय में जो काम जहां बंद किया गया था वह काम 2014 के बाद ही उन सभी कार्यों को शुरू करने का कार्य किया गया है।

उन्होंने मतदाताओं से केंद्र और प्रदेश में डबल इंजन की सरकार बनाने की अपील की है बैतूल हरदा हरसूद क्षेत्र के भाजपा के सांसद प्रत्याशी दुर्गादास उइके ने गोंडी भाषा में आमसभा को संबोधित करने का काम किया और अपने गोंडी भाषा में कहा कि देश के पहले प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी है जिन्होंने आदिवासी महिला को राष्ट्रपति बनने का काम किया। बैतूल हरदा हरसूद लोकसभा क्षेत्र की घोड़ाडोंगरी विधानसभा के ग्राम मलाजपुर में आयोजित मध्य प्रदेश के मुख्यमंत्री मोहन यादव की जनसभा कार्यक्रम में सम्मिलित हुआ। इस अवसर पर मध्य प्रदेश शासन के उपमुख्यमंत्री राजेंद्र शुक्ल, लोकसभा प्रत्याशी दुर्गादास उइके, बैतूल विधायक हेमंत खंडेलवाल, आमला सारनी विधायक डा.योगेश पण्ड्राग्रे,मुलताई विधायक चंद्रशेखर देशमुख, भैसदेही विधायक महेंद्र सिंह चौहान, घोड़ाडोंगरी विधायक गंगा सज्जन सिंह उइके, भारतीय जनता पार्टी जिला बैतूल के जिला अध्यक्ष आदित्य बबल शुक्ला, लोक सभा प्रभारी भारत सिंह राजपूत, जिला पंचायत अध्यक्ष राजा पवार, मलाजपुर के महंत बाबा, लोक सभा सहसंयोजक अलकेश आर्य जी एवं भारतीय जनता पार्टी के समस्त कार्यकर्ता गण उपस्थित थे।

## सीएम राइज स्कूल में ग्रीष्मकालीन कैंप शुरू

### लोस चुनाव में शतप्रतिशत मतदान के लिए दिलाई शपथ




हरिभूमि न्यूज ▶▶ सारनी

सीएम राइज विद्यालय घोड़ाडोंगरी में 27 अप्रैल से 6 मई तक आयोजित होने वाले समर कैंप का शुभारंभ किया गया है। कार्यक्रम के प्रारंभ में सरस्वती पूजन एवं सरस्वती वंदना की गई।

मुख्य अतिथि के रूप में विकासखंड चिकित्सालय में पदस्थ महिला चिकित्सक डॉ. कविता कोरी,मुख्य नगर पालिका अधिकारी ऋषिकांत यादव उपस्थित रहे। प्राचार्य विवेक तिवारी ने बताया की समर कैंप में पेंटिंग, डांस, कंप्यूटर आर्ट एंड क्राफ्ट, क्ले आर्ट में विद्यार्थियों को प्रशिक्षित किया जा रहा है।इन विधाओं को सीखने के लिए विषय विशेषज्ञ बुलाए गए हैं जो बच्चों को समर कैंप में प्रशिक्षित करेंगे। इस कैंप में कक्षा पहली से कक्षा 12वीं तक के बच्चे सहभागिता कर रहे हैं। उपस्थित अतिथियों द्वारा इस कैंप को बच्चों के लिए बहुत उपयोगी बताया गया एवं पूरे मनोयोग से अपनी रुचि अनुसार अपनी ली गई विधा में उनकी बारीकियां को सीख कर अपने आप को उस विद्या का सर्वश्रेष्ठ बनने का प्रयास करें।समर कैंप के शुभारंभ अवसर पर मुख्य अतिथियों द्वारा लोकसभा निर्वाचन 2024 में बैतूल हरदा संसदीय क्षेत्र में शत प्रतिशत मतदान के लिए शपथ दिलाई गई एवं शाला परिसर में उपलब्ध सेल्फी पॉइंट पर उपस्थित मतदाताओं एवं विद्यार्थियों ने फोटो खिंचवाई ।विषय विशेषज्ञ के रूप में पेंटिंग में दीपक शुक्ला, डांस में सोनू ठाकुर,कंप्यूटर में वर्षा विश्वकर्माआर्ट एंड क्राफ्ट में सरोज पटले एवं क्ले आर्ट में ढोंढिया प्रजापति उपस्थित हो रहे है। प्रथम दिवस विद्यार्थियों एवम पालको में अति उत्साह रहा ।

## चेक बाउंस मामले में 6 माह कारावास 1 लाख अर्थ दंड की सजा

**न्यायाधीश प्रथम श्रेणी न्यायालय का फैसला**



**मुलताई।** न्यायाधीश प्रथम श्रेणी के न्यायालय ने चेक बाउंस के एक मामले में आरोपी को 6 माह के साधारण कारावास और 1 लाख 8 हजार अर्थ दंड से दंडित किए जाने की सजा सुनाई है। फरियादी राजकुमार के अधिवक्ता भीमराव उपराले ने बताया कि राजेश पवार ने हार्वेस्टिंग मशीन खरीदने के नाम पर राजकुमार से पैसे लिए थे मशीन ना देने की स्थिति में जब राजकुमार ने राजेश पवार से पैसे की मांग की तो राजेश पवार ने राजकुमार को 95 हजार का चेक सेंट्रल बैंक का दिया था जो की बाउंस हो गया यह मामला माननीय न्यायाधीश प्रथम श्रेणी के न्यायालय में प्रस्तुत हुआ जिसमें न्यायालय ने फैसला सुनाते हुए अभियुक्त राजेश पवार को धारा 138 परकामय लिखत अधिनियम के अंतर्गत अपराध के लिए दोषी पाते हुए 6मांह के साधारण कारावास एवं 1 लाख 8 हजार रुपए के अर्थ दंड से दंडित किया है।

## पाथाखेड़ा में मतदाताओं को जागरूक करने निकली रैली, 100% मतदान का किया आग्रह

### लोकसभा क्षेत्र में 7 मई को होगा मतदान, चलेंगे जागरूकता अभियान

हरिभूमि न्यूज ▶▶ सारनी



लोकसभा निर्वाचन के तहत आगामी 7 मई को शतप्रतिशत मतदान के लक्ष्य को लेकर नगर पालिका परिषद सारनी द्वारा स्वीप प्लान के तहत विभिन्न जागरूकता अभियान एवं गतिविधियां संचालित की जा रही हैं।

नगर पालिका परिषद सारनी क्षेत्र में मतदाताओं को जागरूक करने के लिए नगर पालिका परिषद सारनी द्वारा रैली निकाली गई।मतदाताओं से 7 मई को शत प्रतिशत मतदान करने का आग्रह किया गया। मुख्य नगर पालिका अधिकारी सी.के.मेश्राम ने बताया कि भारत निर्वाचन आयोग एवं जिला निर्वाचन अधिकारी बैतूल के निर्देशानुसार नगर पालिका परिषद सारनी द्वारा लोकसभा निर्वाचन 2024 में मतदाता जागरूकता स्वीप प्लान के तहत जागरूकता अभियान के तहत रैली निकाली गई। पाथाखेड़ा फुटबॉल ग्राउंड से रैली का शुभारंभ हुआ। यहां से न्यू मार्केट पाथाखेड़ा, मस्जिद चौक, उप नगर पालिका कार्यालय, पुराना बाजार, साप्ताहिक बाजार, हैस्पिटल कालोनी, बस स्टैंड होते हुए रैली वापस फूटबाल ग्राउंड पहुंची। अधिकारी, कर्मचारी हाथों में मतदाता जागरूकता से संबंधित तख्तियां लिए हुए थे। इसके अलावा नारों के माध्यम से लोगों से मतदान करने का आग्रह किया। नगर पालिका परिषद सारनी में स्वीप प्लान के नोडल ऑफिसर कमलेश पटेल ने बताया कि स्वीप प्लान के तहत प्रत्येक वार्ड में जागरूकता अभियान चलाए जा रहे हैं। शत प्रतिशत मतदान के लक्ष्य को लेकर सतत मतदाताओं के बीच पहुंचकर उनसे आगामी 7 मई मतदान के दिन शत प्रतिशत मतदान करने का आग्रह किया जा रहा है। प्रशासनिक महीने का कहना है कि वर्तमान समय में शादी विवाह का कार्यक्रम संचालित हो रहा है इस वजह से भी प्रथम और द्वितीय मतदान के समय में कुछ अंतर पड़ा है लेकिन 30 अप्रैल के बाद वैवाहिक कार्यक्रम नहीं है इस वजह से इस बार प्रति चरण के लोकसभा चुनाव में होने वाला मतदान सत प्रतिशत रहेगा।

## सुरक्षा और पर्यावरण पर संगोष्ठी

# जलवायु परिवर्तन को लेकर कोल कर्मियों ने जताई चिंता



**सारनी।** वेस्टर्न कोलफील्ड लिमिटेड पाथाखेड़ा की तवा खदानपुर रविवार को आईएलओ हर वर्ष इस अवसर पर एक अलग विषय की घोषणा करता है। वर्ष 2024 के लिए विषय बदलती जलवायु में काम पर सुरक्षा और स्वास्थ्य सुनिश्चित करने पर ध्यान केंद्रित करना मुख्य विषय रहा है। जो श्रमिकों की सुरक्षा और स्वास्थ्य पर जलवायु परिवर्तन के प्रभाव पर नए डेटा का खुलासा करता है। इस विषय को लेकर संगोष्ठी का कार्य भी किया गया। कोल इंडिया एससी एसटी एम्पलाई संगठन (सिस्टा) पाथाखेड़ा के उपाध्यक्ष कैलाश चौकीकर ने बताया कि कार्यस्थल पर सुरक्षा और स्वास्थ्य के लिए विश्व दिवस रविवार को तवा खान में हर्षोल्लास के साथ मनाया गया। इस अवसर पर खान सुरक्षा अधिकारी प्रमेय रामटेके ने विश्व दिवस के बारे में जानकारी प्रदान की। इस अवसर पर मुख्य अतिथि के रूप में पधारे क्षेत्रीय सुरक्षा अधिकारी कैलाशम झल्ला खान प्रबंधक सुबोध सिंह ने सुरक्षा ध्वज फहराया और सुरक्षा और स्वास्थ्य के लिए अपने कार्य स्थल पर कैसे काम किया जाता है बताया। सुरक्षा समिति सदस्य कैलाश चौकीकर ने उपस्थित सभी को सुरक्षा शपथ दिलाई और कार्यस्थल पर सुरक्षा और स्वास्थ्य के लिए विश्व दिवस की थीम ₹व्यावसायिक सुरक्षा और स्वास्थ्य पर जलवायु परिवर्तन के प्रभाव पर गर्मी के दिनों में उच्च तापमान में कार्य करते समय ली जाने वाली सावधानियों के विषय पर सभी को जानकारी प्रदान की है। श्री चौकी करने बताया कि वर्ष 2003 में अंतर्राष्ट्रीय श्रम संगठन आईएलओ ने त्रिपक्षीयता और सामाजिक संवाद की परंपरा शक्तियों का लाभ उठाते हुए कार्य स्थल पर दुर्घटनाओं और बीमारियों की रोकथाम पर जोर देने के लिए विश्व दिवस सम्मान शुरू किया गया और वर्ष 2003 से लगातार इस पर अमल करने का कार्य किया जा रहा है जो निश्चित तौर से श्रमिकों के लिए लाभदायक सिद्ध होगा।इस अवसर पर खदान में बड़ी संख्या में अधिकारी,कर्मचारी सुरक्षा समिति सदस्य श्रम संघ के प्रतिनिधि उपस्थित रहे।

## नौ दिवसीय देवी भागवत कथा हर्ष के साथ प्रारंभ

**शाहपुर।** शाहपुर मुख्यालय से लगभग 6 किलोमीटर दूर ग्राम कोटमी में ग्रामवासियों के पूर्ण सहयोग से श्रीमद् देवी भागवत कथा का प्रारंभ सबसे पहले कलश यात्रा बड़े ही धूमधाम के साथ नए वस्त्र को धारण कर पूरे ग्राम में भ्रमण करती हुई मां खेड़ापति माई के मंदिर में पहुंची। और कलश यात्रा की पूर्ण हो जाने के कुछ समय बाद यहां पर देवी भागवत कथा जो नव दिवसीय कथा है। दोपहर में पंडित तथा वाचक व्यास पीठ के माध्यम से अखिलेश परसाई शाहपुर वालों के मुखारविंद से यह कथा प्रारंभ हुई। इस कथा में पंडित अखिलेश परसाई के द्वारा बताया गया, कि आज उन्होंने महात्म की कथा का श्रवण लोगों को कराया। और इस कथा में भगवान कृष्ण का जन्म भी एक देवी माता की शक्ति का ही स्वरुप है। और आज भक्तों को सुंदर दृश्य के द्वारा राधा कृष्ण की सुंदर झांकी कलाकारों के द्वारा प्रस्तुति उनके भजनों पर नृत्य कर सभी कथा सुनने वाले भक्तों को यह सुंदर झांकी दिखाई गई। और आज कथा वाचक पंडित अखिलेश परसाई जी का जन्म दिवस भी है। जिसे भी लोगों ने बहुत अच्छे से शुभकामनाएं और बधाई पंडित जी के चरणों को छूकर दी। उन्होंने भी ग्राम के भक्तों में जो वरिष्ठ थे। उन सब का शुभ आशीर्वाद ईश्वर से अपने लिए मांगा। और सभी ने यह कथा अच्छे मन से सुंदर भावनाओं को जागृत करते हुए सुनी। उसके पश्चात शाम को आरती के साथ प्रसादी का सुंदर वितरण और इसका पुण्य लाभ भक्तों ने उठाया।

## पतवापूरा में दो बाइकों की आपसी टक्कर, दो युवकों की मौत

**शाहपुर।** शाहपुर नगर के पतवापुरा में गत रात्रि शादी के कार्यक्रम में शामिल होने के बाद ढाबे पर खाना खाकर लौट रहे दो बाइक सवार आपस में टकरा गए। दोनों गाड़ियों के मध्य टक्कर इतनी जोरदार थी। की दोनों गाड़ियों के मजबूत पार्ट्स भी टूट कर अलग हो गए। यामाहा सफेद रंग की के शॉकअप टूट गए। और काली पल्सर के एलॉय व्हील तक टूट गया। इस हादसे में दो युवकों की घटना स्थल पर मौत हो गई । जबकि दो अन्य युवक बहुत अधिक घायल है। सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र शाहपुर में इलाज के दौरान उन्हें गंभीर चोटें होने के कारण जिला स्वास्थ्य केंद्र बैतूल रेफर किया गया। शाहपुर सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र के बीएमओ डाक्टर रघुवंशी के द्वारा बताया गया कि यह सभी दुर्घटनाग्रस्त लोग सोहागपुर ढाना निवासी बताए जा रहे है। ढाबे से खाना खाकर लौट रहे थे । करीब रात 1:20 बजे यह दुर्घटनाग्रस्त हो गए एवं 108 एंबुलेंस के द्वारा इन्हें शाहपुर सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र लाया गया। इन्हें बैतूल जिला अस्पताल तुरंत प्राथमिक इलाज के बाद रेफर किया गया। एवं दो व्यक्ति की घटना स्थल पर ही मृत्यु हो गई। उन्हें पोस्टमार्टम के लिए सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र शाहपुर लाया गया। हादसे में दुर्घटनाग्रस्त हुए अनुज पिता सुखलाल 18 निवासी सोहागपुर ढाना रोशन पिता मोती लाल 26 सोहागपुर ढाना की घटनास्थल पर ही मौत हो गई जबकि दूसरे बाइक सवार गौतम एवं एक सागर गंभीर रूप से घायल हो गए । उन्हें तुरंत सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र शाहपुर लाया गया। और यह ग्राम शाहपुर मुख्यालय से मात्र लगभग 2 किलोमीटर की दूरी पर स्थित सोहागपुर ढाना ग्राम है।

## खेल मैदान की फेंसिंग तोड़कर गायब हुआ ठेकेदार

# मिनी स्टेडियम बना असामाजिक तत्वों का अड्डा

हरिभूमि न्यूज ▶▶ मुलताई

नगर का एकमात्र सीएम राइज विद्यालय मिनी स्टेडियम अपराधिक गतिविधियों का केंद्र बनता जा रहा है। शिवर लाइन प्रोजेक्ट के ठेकेदार ने लाखों रुपए की लागत से बने मिनी स्टेडियम की फेंसिंग तोड़ दी जिससे असामाजिक तत्वों का स्टेडियम में पहुंचना आसान हो गया है।

शाम होते ही मिनी स्टेडियम (हाई स्कूल ग्राउंड) में असामाजिक तत्वों का जमावड़ा हो जाता है। ग्राउंड पर जगह-जगह मयखाने का माहौल होता है और शराब पीकर शराबी स्टेडियम में बाटले फोड़ कर चले जाते हैं और जब सुबह खिलाड़ी खेलने को आते हैं तो पहले उन्हें ग्राउंड से टूटी हुई बोतलों के कांच हटाने पड़ते हैं। सुबह होते ही ग्राउंड पर खेलने वाले, व्यायाम करने वाले और दौड़ने वाले लोगों का जमावड़ा हो जाता है खिलाड़ी छात्राएं, छोटे-छोटे बच्चे यहां घूमने भी आते हैं और ग्राउंड पर पहुंचते ही







इनका सामना असामाजिक तत्वों की रात मे फैलाई गंदगी से होता है। प्रतिदिन ग्राउंड पर क्रिकेट की प्रेक्टिस करने जाने वाले खिलाड़ी भुजबल चौरे, योगेश एम्बुलकर, अमनदीप चावला, गणेश साहू, विकास विश्वकर्मा एवं सीनियर क्रिकेट खिलाड़ी अब्बू खान बताते हैं कि प्रतिदिन खेलने से पहले कांच को हटाना टूटी हुई शराब की बोतलों को ढूंढना इनको जमा करना और फेंकना खिलाड़ियों के लिए बड़ी समस्या बन गया है एक महीने से प्रतिदिन ग्राउंड पर पहुंचकर एक घंटा शराबियों द्वारा फैलाई गई गंदगी को साफ करने में लगता है। खिलाड़ियों ने कहा कि शासन को चाहिए कि फेंसिंग तोड़ने वाले ठेकेदार के खिलाफ एफआईआर दर्ज कराए और असामाजिक तत्वों पर ठोस कार्रवाई करें।

**इनका कहना**

मिनी स्टेडियम की तोड़ी गई बाउंड्री वॉल के संबंध में वरिष्ठ अधिकारियों से चर्चा के बाद इसकी लिखित शिकायत करेंगे।

संदीप गणेशे,
प्राचार्य सीएम राइज विद्यालय मुलताई

### निर्माण एजेंसी ने बर्बाद कर दिया मिनी स्टेडियम

*सीएम राइज विद्यालय की भूमि पर जब मिनी स्टेडियम निर्माण की प्रक्रिया प्रारंभ हुई, तो विद्यालय के आधिपत्य कायम रहने की शर्त पर खेल एवं युवक कल्याण विभाग ने मिनी स्टेडियम के लिए राशि स्वीकृत की और इसके लिए नगर पालिका को निर्माण एजेंसी बनाया गया। और यहीं से प्रारंभ होता है मिनी स्टेडियम के बर्बादी का सिलसिला । 8 साल में लगभग 50 लाख रुपए से अधिक राशि खर्च किए जाने के बावजूद ग्राउंड की स्थिति सुधारने के बजाय और बिगड़ गई। नगर पालिका तत्कालीन अधिकारी ने सभी नियमों को ताक पर रखकर खिलाड़ियों के लिए बने 12 से अधिक कमरों को मात्र दो हजार रुपए मासिक किराए से सीवर लाइन प्रोजेक्ट के ठेकेदार को दे दीया और ठेकेदार ने मिनी स्टेडियम में मटेरियल जमा करने के लिए लाखों रुपए मूल्य की फेंसिंग को तोड़ देता दीया। होना यह चाहिए था कि खेल एवं कल्याण विभाग इसके प्रमुख पुलिस अधीक्षक होते हैं और जिसकी भूमि एवं खेल मैदान पर आधिपत्य है सीएम राइज विद्यालय ने तत्काल सीवर लाइन ठेकेदार के खिलाफ थाने में एफआईआर दर्ज करवा कर तोड़ी हुई फेंसिंग का निर्माण कार्य करवाना था किंतु अखबारों में समाचार प्रकाशन के बाद भी कोई सामने नहीं आया सब मौन रहे और नतीजा आज खिलाड़ियों को भुगतना पड़ रहा है।*

जल्द ही द्वादश ज्योतिर्लिंग की स्थापना होगी, शिव दरबार का होगा विस्तार

# हनुमान धाम मंदिर के वातानुकूलित गर्भगृह में रहेंगे हनुमान जी

मंदिर समिति ने रविवार को हनुमान जन्मोत्सव एवं रामनवमीं के सफल आयोजन के बाद समिति सदस्यों का मिलन समारोह आयोजित किया, इस अवसर पर सभी भक्तों ने प्रसादी ग्रहण की। वातानुकूल गर्भ गृह के विस्तार के बाद अब श्री हनुमान जी उक्त स्थान पर दर्शन देंगे।

हरिभूमि न्यूज ⏭ इटारसी



श्रद्धालुओं की आस्था के केन्द्र शहर के प्राचीन हनुमान धाम मंदिर पीपल मोहल्ला मंदिर के गर्भगृह का विस्तार हो गया है। कई दशक पुराने मढिया नुमा गर्भगृह का समिति ने विस्तार कराने के बाद विशेष साज-सज्जा की है, जिसके बाद श्रद्धालुओं को बेहद आराम ओर दूर से पवनसुत हनुमान जी के विग्रह के दर्शन हो रहे हैं। मंदिर में पंचमुखी हनुमान जी के अलावा दो दुर्लभ हनुमान जी के विग्रह विराजे हैं। रविवार को मंदिर समिति ने हनुमान जन्मोत्सव एवं रामनवमीं के सफल आयोजन के बाद समिति सदस्यों का मिलन समारोह आयोजित किया, इस अवसर पर सभी भक्तों ने प्रसादी ग्रहण की। समिति से जुड़े लखन बैस, पवन बोहरा ने बताया कि नांदेड़ के कलाकारों की नक्काशी से मंदिर के शिखर का भव्य स्वर्ण रंग से सौंदर्यीकरण किया गया है, शिखर जी पर विराजी हनुमान जी की प्रतिमा को बाहर लाकर आसपास रंग-बिरंगी लाइट लगाई गई है, अंदर गर्भगृह का विस्तार किया गया है, यहां सागौन की नक्काशी से तैयार सुंदर पट लगाया गया है, मंदिर में अब हनुमान जी 24 घंटे वातानुकूलित गर्भगृह में रहेंगे, इसके लिए अंदर एसी भी लगाया गया है। ओव्हर ब्रिज की सीढियों से नीचे मंदिर आने वाले श्रद्धालुओं को वर्षा और धूप से बचाव के लिए एक कवर्ड शेड भी तैयार कराया गया है। भविष्य में मंदिर समिति यहां स्थापित भगवान शिव मंदिर को भव्य रूप प्रदान कर यहां देश के द्वादश ज्योर्तिलिंग की स्थापना भी करेगी, इस पर समिति विचार कर रही है। उल्लेखनीय है कि इटारसी शहर में घनी बसाहट से पहले यहां हनुमान जी की प्राचीन मढिया पीपल के एक वृक्ष के नीचे विराजी है। यहां से गुजरने वाली सारी ट्रेनों के ड्राइवर दादा धाम में हार्न बजाकर सलामी देते हैं। पुराने लोग बताते हैं कि अंग्रेजी हुकूमत के दौर में यहां जब रेल लाइन बिछाई जा रही थी, तब अधिकारियों को काम में काफी समस्याएं आ रही थीं, तब अधिकारियों ने बुर्जुगों की सलाह पर रामभक्त हनुमान जी का पूजन अर्चन किया, इसके बाद उनका काम सफल हो गया। शहर की कई पीढियां गुजर गई हैं, कालांतर में मंदिर समिति ने धीरे धीरे जनसहयोग से इस मंदिर को भव्य स्वरूप प्रदान किया है। समिति के सभागृह में साल भर संकीर्तन, भजन, रामकथा, श्रीमद् भागवत गीता समेत अन्य धार्मिक कार्यक्रम श्रद्धालुओं द्वारा कराए जाते हैं। मंदिर के पीछे एक सुंदर बगीचा एवं पार्किंग स्थल भी विकसित किया गया है। पुजारी के बेटे ने दिया सहयोग इस मंदिर के पुजारी नरेंद्र तिवारी के पुत्र ओम तिवारी ने गर्भ गृह की डिजाइन तकनीकी सलाह में अहम योगदान दिया, ओम तिवारी के प्रयासों से समिति को काम करने में मदद मिली।

# ग्रामीण अंचल के छात्र-छात्राओं ने बोर्ड परीक्षा में बढ़ाया गौरव




हरिभूमि न्यूज ⏭ सेमरीहरचंद

हाल में हुई माध्यमिक शिक्षा मंडल की हायर सेकेंडरी हाई स्कूल माध्यमिक प्राथमिक बोर्ड में नगर एवं आसपास के ग्रामीण क्षेत्र के बच्चों ने परीक्षा में उत्कृष्ट अंक प्राप्त कर ग्रामीण क्षेत्र का गौरव बढ़या। स्नेहा शर्मा विज्ञान संकाय 89 प्रतिशत शासकीय कन्या उच्चतर माध्यमिक विद्यालय सेमरी हरचंद, भूमि मालवीय हाई स्कूल परीक्षा 87.2 प्रतिशत, शासकीय कन्या उच्चतर माध्यमिक विद्यालय सेमरी हरचंद, पूनम साहू 8वीं 77.5 प्रतिशत नवीन माध्यमिक शाला जमुनिया, जानवी गुर्जर 8वीं 87.66 प्रतिशत स्वामी विवेकानंद उत्तर माध्यमिक विद्यालय सेमरी हरचंद, शिव पटेल पांचवी 88.7 प्रतिशत, नमामि मालवीय 5वीं 82 प्रतिशत, रौनक पटेल 5वीं 82 प्रतिशत, प्रियांशु चौधरी 5वी 80 प्रतिशत, सुहानी ठाकुर 5वी 79 प्रतिशत, पलक पटेल 8वीं 76 प्रतिशत शासकीय नवीन माध्यमिक शाला जमुनिया ने प्राप्त किए।

## उमावि की 12वीं की छात्रा सलोनी ने 91 प्रतिशत अंक प्राप्त कर बढ़ाया विद्यालय व अपने ग्राम का गौरव




**माखन नगर।** ग्राम कांसखेड़ा की सलोनी पिता हर प्रसाद चोरे ने कक्षा 12वीं में 91 प्रतिशत अंक प्राप्त कर अपने स्कूल और ग्राम का गौरव बढ़ाया है। सलोनी ने अपनी इस उपलब्धि का श्रेय अपने शिक्षक शिक्षिका एवं माता-पिता को दिया है सलोनी की उपलब्धि पर ग्राम पंचायत की सरपंच अनिता अनिल साधराम ने बधाई दी है एवं छात्रा के उज्जवल भविष्य की कामना की है।

# सिलावट समाज का राज्य स्तरीय सम्मेलन हुआ संपन्न

हरिभूमि न्यूज ⏭ पिपरिया




नगर में पहली बार राज्य सिलावट समाज विश्वकर्मा भगवान जिनके आराध्या हैं उनके द्वारा एक निजी होटल में परिचय सम्मेलन का आयोजन किया गया। राज स्तर से कार्यक्रम का आयोजन किया गया जिसमें लगभग 10 जिलों से युवक युवतियों अपने परिवार जनों के साथ आए हुए थे मंच के संचालक प्रकाश बिलासपुरिया के द्वारा बताया गया कि लगभग 100 लोगों का परिचय हुआ है पहले परिचय सम्मेलन है लोगों ने सभी युवक युवतियों ने स्वयं ने मंच से अपना परिचय दिया है सभी के पते दर्ज करवा दिए गए हैं यदि वह लोग संपर्क करते हैं तो आगे चलकर सामूहिक विवाह का भी आयोजन किया जा सकता है। कार्यक्रम में मुख्य अतिथि के रूप में विधायक ठाकुरदास नागवंशी विशेष अतिथि नगर पालिका अध्यक्ष नीना नवनीत नागपाल बलराम सिंह ठाकुर नगर मंडल अध्यक्ष एवं भारतीय जनता पार्टी के तमाम जनप्रतिनिधि व अखिल भारतीय राष्ट्रीय कांग्रेस के तमाम जनप्रतिनिधि शामिल हुए वहीं पर जनपद उपाध्यक्ष अध्यक्ष संध्या सिंगारी को उपाध्यक्ष कुसुम लता भगवान सिंह पटेल सभी लोग शामिल हुए और कार्यक्रम का शुभारंभ मां सरस्वती का पूजन एवं भगवान विश्वकर्मा का पूजन अर्चन कर दी प्रचलित कर कार्यक्रम का शुभारंभ किया गया। कार्यक्रम सफलतापूर्वक संपन्न हुआ जिसमें इंदौर जबलपुर भोपाल सहित बड़े-बड़े महानगरों से भी लोगों ने आकर अपना युवक युवतियों ने आकर अपना परिचय दिया और एक दूसरे का परिचय करने के बाद पारिवारिक लोगों के द्वारा भी अपना परिचय किया गया उसके बाद में सभी लोगों को स्मृति चिन्ह एवं प्रमाण पत्र देकर सम्मानित किया गया अतिथियों को मानचिशीन कर उनका स्वागत सम्मान किया गया सफलतापूर्वक कार्यक्रम संपन्न हुआ।

# क्रिकेट एसोसिएशन ने पक्षपात के आरोपों को निराधार बताया

**इटारसी सहित अन्य टीमों के खिलाड़ियों ने लगाया आरोप**

हरिभूमि न्यूज ⏭ इटारसी



नर्मदापुरम संभाग क्रिकेट एसोसिएशन के तत्वावधान में अंडर-22 क्रिकेट प्रतिस्पर्धा में इटारसी सहित जिले के अन्य खिलाडिय़ों के साथ पक्षपात का आरोप लगाते हुए यहां के वरिष्ठ क्रिकेटर्स ने सलेक्शन पर सवाल उठाये हैं। एनडीसीए के सलेक्टर राजीव दुबे, वरिष्ठ क्रिकेटर राकेश पांडेय, अमित जायसवाल, गर्ल्स टीम के सलेक्टर्स उत्तम खाड़े ने यहां एक प्रेस कॉन्फ्रेंस में कहा कि नर्मदापुर में बिना ट्रॉयल के खिलाडिय़ों का चयन कर लिया गया और जिले के खिलाडिय़ों को जानकारी नहीं मिल सकी है, जबकि बैतूल और हरदा में चयन प्रक्रिया पूरी की गई थी। इधर नर्मदापुरम संभाग क्रिकेट एसोसिएशन के मानसेवी सचिव अनुराग मिश्रा ने कहा कि जिला क्रिकेट संघ के सचिव मनोहर बिल्थरिया ने बाकायदा अक्टूबर माह में चयन प्रक्रिया की सूचना और मीडिया में खबरें प्रकाशित करायी थी, ग्रुप में भी जानकारी दी गई थी। जो लोग आरोप लगा रहे हैं, उनके बच्चे भी इस प्रक्रिया में शामिल हुए और दो बच्चों का चयन भी किया, बावजूद इसके ये लोग अपने किसी व्यक्तिगत एजेंडा के तहत इस तरह के बेबुनियाद आरोप लगा रहे हैं।

## गांधी मैदान पर 1 मई से बच्चों को मिलेगा क्रिकेट का प्रशिक्षण

**इटारसी।** लक्ष्य क्रिकेट अकादमी के तत्वावधान में 1 मई से गांधी मैदान पर बच्चों को क्रिकेट का प्रशिक्षण प्रदान किया जाएगा। हर वर्ष की तरह इस वर्ष भी गांधी मैदान पर 1 से 31 मई तक एक माह का ग्रीष्मकालीन क्रिकेट प्रशिक्षण शिविर का आयोजन होगा। लक्ष्य क्रिकेट अकादमी के अमित जैसवाल ने बताया कि 1 से 31 मई तक छोटे बच्चों को क्रिकेट का प्रशिक्षण दिया जाएगा। प्रशिक्षण प्रदान करने सुबह 5:30 बजे से 7:30 बजे तक फिजियो अमिताभ ओझा, मनीष सेतपलानी, नीरज झा, अमित जैसवाल, अतुल राठौर, सुमेर सिंह चौहान, संजय विश्वकर्मा, उदय ठाकुर, मैनेजर राकेश दुबे मौजूद रहेंगे। प्रवक्ता चंचल पटेल ने बताया कि एक माह तक चलने वाले शिविर में बच्चों को बैटिंग, बॉलिंग, फील्डिंग सहित मैच में रणनीति तैयार करना, फील्ड जमाना, नेतृत्व क्षमता का विकास जैसी बातें सिखाई जाएंगी। पूरे माह शिविर में क्रिकेट के विशेषज्ञ वरिष्ठ खिलाड़ी समय-समय पर अपनी सेवाएं देंगे। शिविर में हर वर्ष सौ से डेढ़ सौ तक बच्चे प्रशिक्षण लेने आते हैं।

## वरिष्ठ कांग्रेसी हरगोविंद पुरबिया को पितृ शोक

हरिभूमि न्यूज ⏭ सोहागपुर



सोहागपुर विधानसभा के वरिष्ठ कांग्रेसी हरगोविंद पुरबिया वा राजेश पुरबिया के पिता ठाकुर महेंद्र सिंह ने बीमारी के चलते नर्मदा पुरम के एक निजी अस्पताल में अपनी अंतिम सांस ली। ठाकुर महेंद्र सिंह का करीब रात्रि 2 बजे देवलोक गमन हुआ। श्री पुरबिया की दुखद मृत्यु का समाचार मिलने के बाद सुबह से ही उनके घर पहुंचने वालों का तांता लगा रहा। ठाकुर महेंद्र सिंह के अंतिम संस्कार में सैकडो लोग उपस्थित होकर उन्हें श्रद्धांजलि अर्पित की। ठाकुर हरगोविंद पुर्विया ने अपने पिता को मुखाग्नि दी। ठाकुर महेंद्र सिंह अपने पीछे पुत्र हरगोविंद पुरबिया , राजेश पुरबिया पौत्र, सौरभ पुरबिया, रोहन पुरविया, गौरव पुर्विया सहित भरा पूरा खुशहाल परिवार छोड़ कर गए हैं।

# रेहटी के नजदीक सूखी नदी के पास तेंदुए का मूवमेंट, ग्रामीणों ने वन विभाग को दी सूचना



**रेहटी।** जिले में रेहटी के पास सेमरी की सूखी नदी के सपीम मंदिर के पास तेंदुआ देखा गया है, जिससे ग्रामीणों में दहशत का माहौल बना हुआ है।

लगातार मौसम में परिवर्तन और भीषण गर्मी के प्रकोप से इन दोनों वन प्राणी ग्रामीण क्षेत्र की ओर रुख करते देखे जा रहे हैं। कुछ दिन पहले ग्रामीण क्षेत्र किशनपुर में तेंदुआ के घर में घुसने का मामला सामने आया था। वहीं अब रेहटी क्षेत्र में तेंदुए के चहल कदमी करते वीडियो जमकर वायरल हुई, अब नया मामला देर रात सामने आया। जहां सेमरी की सूखी नदी के समीप मंदिर के पास एक तेंदुए को देखा गया। बताया जा रहा है कि रात्रि के समय यह तेंदुआ चहल कदमी करते हुए ग्रामीण क्षेत्र की ओर आ गया। वहीं इसकी जानकारी वन विभाग को दी गई। मामले में रेंजर रितु तिवारी का कहना है कि अभी किसी भी ग्रामीण ने इस संबंध में शिकायत नहीं की है, लेकिन सूचना मिलने के बाद वन विभाग की टीम को मौके पर भेजा गया है।

# बाल चौपाल में बच्चों के साथ पालकों ने भी की भागीदारी

हरिभूमि न्यूज ⏭ रेहटी




जनशिक्षा केंद्र रेहटी अंतर्गत प्राथमिक शाला सलकनपुर,रेहटी, मालिबाया सहित सभी प्राथमिक शालाओं में मिशन अंकुर एफएलएन कार्यक्रम के तहत बाल चौपाल का आयोजन किया गया । बाल चौपाल के आयोजन लिए शिक्षकों को जनशिक्षा केंद्र स्तर पर बैठक आयोजित कर बाल चौपाल की गतिविधियों के बारे में जनशिक्षक द्वारा बताया गया

शिक्षकों ने बच्चों के साथ-साथ पालको को भी बाल चौपाल में आमंत्रित किया था। बच्चों को शिक्षण गतिविधि के माध्यम से सिखाने तथा पालकों को घर पर पढ़ने में सहयोग के लिए प्रेरित करने के उद्देश्य से शाला स्तर पर बाल चौपाल आयोजित किये गए। जनशिक्षक दीपक वर्मा, महेंद्र चौहान द्वारा बताया गया कि इस तरह के कार्यक्रम स्कूली शिक्षा को बेहतर बनाते है। बाल चौपाल में बच्चे बहुत उत्साहित थे। बच्चों द्वारा पुस्तकालय से मनपसंद कहानी खोजकर पढ़ना, शब्दों की अंताक्षरी, मेरा अखबार, बोलो भाई कितने, आकृतियों का खेल, कितने कदम की रेखा गतिविधियों को शिक्षक द्वारा खेल के माध्यम से कराया गया ।

मैंने स्कूल अवलोकन के दौरान देखा कि बच्चों के साथ-साथ पालकों ने भी गतिविधियों में सहभागिता की और बच्चे सभी गतिविधियों में सक्रीय रूप से भागीदारी कर रहे थे । जनशिक्षा केंद्र अंतर्गत समस्त प्राथमिक शालाओं के शिक्षकों ने घर-घर जाकर पालकों और समुदाय के लोगो को शाला आने के लिए संपर्क कर बाल चौपाल आयोजित कर गतिविधियाँ कराई गई जिससे बच्चों की उपस्थिति बढ़ी है । बच्चे पालक एवं समस्त शिक्षक गण उपस्थित रहे।

**10 मई को भगवान परशुराम की पूजा-अर्चना के बाद निकाली जाएगी वाहन रैली**

# भगवान परशुराम समस्त सनातन जगत के आराध्य: मिश्रा

हरिभूमि न्यूज ⏭ सीहोर



भृगुकुल तिलक जमदग्नि नंदन रेणुका पुत्र भगवान श्री हरि विष्णु जी के छठे अवतार समस्त शस्त्र एवं शास्त्र के ज्ञाता भगवान परशुराम जी का वैशाख मास की शुक्ल पक्ष की अक्षय तृतीया के दिन प्राकट्य हुआ। देवों के पूजनीय, सम्पूर्ण तेज से युक्त, योगेश्वर, सभी के पाप, ताप, सन्ताप, रोग का हरण करने वाले सुन्दर शोभनीय स्वरूप वाले शत्रुओं के संहारक परशुराम समस्त सनातन जगत के आराध्य हैं और सभी आस्था के साथ इनकी आराधना करते है। उक्त विचार जिला मुख्यालय के समीपस्थ चितावलिया हेमा स्थित निर्माणाधीन मुरली मनोहर एवं कुबेरेश्वर महादेव मंदिर में सर्व ब्राह्मण समाज के प्रतिनिधि मंडल से भेंट करते हुए अंतर्राष्ट्रीय कथा वाचक पंडित प्रदीप मिश्रा ने कहे।

इस मौके पर सर्व ब्राह्मण समाज के अध्यक्ष दीपक शर्मा सहित अन्य ने आगामी दिनों में भगवान श्री परशुराम जन्मोत्सव के कार्यक्रमों में शामिल होने की अपील की। भेंट करने के दौरान समाजजनों ने पंडित श्री मिश्रा को बताया कि भगवान परशुराम जन्मोत्सव के अंतर्गत तीन दिवसीय महोत्सव का आयोजन किया जाएगा। समाजजनों के द्वारा सभी कथाकारों और समाजजनों को करीब 25 सौ से अधिक आमंत्रण कार्ड का वितरण किया जाएगा।

10 मई सुबह भगवान परशुराम की पूजा अर्चना की जाएगी, अभिषेक किया जाएगा और उसके पश्चात आरती और वाहन रैली निकाली जाएगी, इसके अलावा महिला मंडल के द्वारा कलश पूजन, थाली सजावट प्रतियोगिता सहित अन्य कार्यक्रमों का आयोजन किया जाएगा। वहीं आगामी 12 मई को शाम पांच बजे विशाल चल समारोह निकाला जाएगा। इसके पश्चात रात्रि आठ बजे शहर के बाल विहार ग्राउंड पर भोजन प्रसादी का इंतजाम किया जाएगा। इस मौके पर पुरुषों के द्वारा सफेद कुर्ता-पजामा और महिलाओं के लिए पीली साड़ी रहेगी।

## भगवान शिव की कड़ी तपस्या

सर्व ब्राह्मण समाज के मीडिया प्रभारी मनोज दीक्षित मामा ने बताया कि परशुराम ऋ षि जमदग्नि और रेणुका के पुत्र हैं। इनका जन्म सतयुग और त्रेता युग के संधिकाल में हुआ। इनका नाम पहले राम था। इन्होंने भगवान शिव की कड़ी तपस्या की और उनसे वरदान में एक परसु प्राप्त किया। उसके बाद इनका नाम हो गया परशुराम। त्रेतायुग में भगवान श्रीराम ने सीता स्वंयवर में जिस शिव धनुष को तोड़ा, उसे परशुराम ने ही राजा जनक को दिया था। वह शिव धनुष के टूटने पर बहुत क्रोधित हुए और महेंद्र पर्वत पर अपनी तपस्या से छोड़कर तुरंत स्वयंवर सभा में आए। लेकिन, जब उन्हें ज्ञात हुआ कि उन्हीं की तरह भगवान राम भी भगवान विष्णु के अवतार हैं, तो उनका क्रोध शांत हो गया। उन्होंने बताया कि त्रेता के बाद द्वापरयुग में भी भगवान परशुराम मौजूद थे। उन्होंने भीष्म पितामह, गुरु द्रोणाचार्य और कर्ण जैसे महावीरों को शस्त्र और शास्त्र की शिक्षा दी थी।

जब परशुराम को पता चला था कि कर्ण ने उनसे झूठ बोलकर शिक्षा ली है, तो उन्होंने कर्ण को श्राप भी दिया कि जब उसे उनकी सिखाई विद्या की सबसे अधिक आवश्यकता होगी, तो वह उन्हें भूल जाएगा और उसके रथ का पहिया भूमि में धंस जाएगा। महाभारत में अर्जुन और कर्ण के बीच युद्ध के दौरान भगवान परशुराम का यह श्राप निर्णायक साबित हुआ।

# कंट्रोल रूम और पेड न्यूज मॉनीटरिंग सेल का निरीक्षण



**सीहोर।** भारत निर्वाचन आयोग द्वारा संसदीय क्षेत्र 18-विदिशा के लिए नियुक्त सामान्य प्रेक्षक आईएएस सुरज कुमार ने कलेक्टर कार्यालय में चल रही विभिन्न निर्वाचन संबंधी गतिविधियों का निरीक्षण किया और विस्तार से जानकारी ली। उन्होंने पेड न्यूज मॉनिटरिंग सेल, निर्वाचन व्यय लेखा सेल, जिला कन्ट्रोल रूम, वीवीटी आदि कक्षों का निरीक्षण कर निर्वाचन संबंधी कार्यवाही को देखा। इस दौरान कलेक्टर प्रवीण सिंह ने लोकसभा चुनाव सम्पन्न कराने के लिए संचालित किए जा रहे विभिन्न सेल के बारे में विस्तार से जानकारी दी। निरीक्षण के दौरान सीईओ जिला पंचायत आशीष तिवारी, सहायक कलेक्टर अर्पित गुप्ता, अपर कलेक्टर वृंदावन सिंह सहित संबंधित अधिकारी उपस्थित थे।

## कलेक्टर आदित्य सिंह ने खिरकिया मंडी और अस्पताल का दौरा किया

# निरीक्षणः मंडी सचिव सहित अनुपस्थित चार कर्मचारियों को कारण बताओ नोटिस जारी

हरिभूमि न्यूज ▶▶ हरदा



कलेक्टर आदित्य सिंह ने रविवार को खिरकिया के अस्पताल और कृषि उपज मंडी का आकस्मिक निरीक्षण किया। इस दौरान उन्होंने अस्पताल एवं मंडी प्रांगण का भ्रमण कर वहां की व्यवस्थाएं देखी और उपस्थित अधिकारियों की बैठक लेकर व्यवस्थाओं में आवश्यक सुधार के निर्देश विकासखंड चिकित्सा अधिकारी एवं मंडी सचिव को दिए। इस दौरान एसडीएम खिरकिया संजीव नागू भी मौजूद थे।

मंडी निरीक्षण के दौरान कलेक्टर सिंह ने मंडी शुल्क की वसूली से मंडी को प्राप्त होने वाली आय एवं मंडी में किसानों के लिए उपलब्ध सुविधाओं के संबंध में जानकारी ली। इस दौरान मंडी खिरकिया के लेखापाल विमलेश उइके, लिपिक संदीप कौशल, गुरु बख्श भाटिया तथा राम शंकर बांके अनुपस्थित पाए गए। कलेक्टर ने अनुपस्थित चारों कर्मचारियों के विरुद्ध कारण बताओ नोटिस जारी करते हुए उनके विरुद्ध अनुशासनात्मक कार्यवाही शुरू करने के निर्देश एसडीएम नागू को दिए। उन्होंने खिरकिया के एसडीएम और तहसीलदार को निर्देश दिए कि वे समय-समय पर कृषि उपज मंडी की व्यवस्थाओं का निरीक्षण करते रहें। कलेक्टर ने मंडी सचिव अशोक धुर्वे के विरुद्ध कारण बताओ नोटिस जारी करने के लिए भी कहा क्योंकि वे कलेक्टर द्वारा चाही गई जानकारी उपलब्ध नहीं करा सके।

### अस्पताल का भी किया निरीक्षण

कलेक्टर सिंह ने खिरकिया के सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र एवं पोषण पुनर्वास केंद्र का भी निरीक्षण किया। उन्होंने पोषण पुनर्वास केंद्र में भर्ती बच्चों की माताओं से वहां उपलब्ध सुविधाओं के संबंध में जानकारी ली। उन्होंने विकासखंड चिकित्सा अधिकारी खिरकिया को निर्देश दिए कि रोगी कल्याण समिति के माध्यम से खिरकिया अस्पताल में मरीजों को आवश्यक सुविधाएं उपलब्ध कराएँ। कलेक्टर ने अस्पताल में रिक्त पदों के संबंध में भी जानकारी ली।

## कलेक्टर सिंह ने मेधावी विद्यार्थियों का किया सम्मान



हरिभूमि न्यूज ▶▶ हरदा

मध्यप्रदेश माध्यमिक शिक्षा मंडल की हाई स्कूल एवं हायर सेकंडरी परीक्षाओं की मैरिट लिस्ट में स्थान पाने वाले मेधावी विद्यार्थियों का रविवार को कलेक्टर आदित्य सिंह ने माल्यार्पण कर एवं प्रशस्ति पत्र प्रदान कर सम्मान किया। जिला पंचायत के मुख्य कार्यकाल अधिकारी रोहित सिसोनिया, जिला शिक्षा अधिकारी पीएम सिंह तथा सहायक संचालक शिक्षा बलवंत पटेल भी इस अवसर पर उपस्थित थे। जिन विद्यार्थियों का सम्मान इस अवसर पर किया गया उनमें कक्षा 12वीं उत्तीर्ण करने वाले कुशाग्र जैन, पारस विश्वकर्मा, रिजवाना खान, योगेश मालवीय, आकांक्षा जोशी, सलोनी जैन, मोहिनी सिंह और श्रेया पुनासे तथा कक्षा दसवीं उत्तीर्ण करने वाली छात्रा छवि पांडे यशिका कुशवाहा और उत्सव शामिल थे। कलेक्टर ने इस अवसर पर कहा कि कक्षा 12वीं उत्तीर्ण करने के बाद विद्यार्थियों के उज्जवल भविष्य के लिए बहुत से मार्ग एक साथ खुल जाते हैं। उन्होंने सभी विद्यार्थियों से कहा कि इस वर्ष की तरह आगे भी अच्छी तरह मन लगाकर पढ़ाई करें और जब तक मन वांछित मंजिल ना मिल जाए तब तक लगातार मेहनत करते रहें। मुख्य कार्यपालन अधिकारी श्री सिसोनिया ने कहा कि उपस्थित सभी मेधावी विद्यार्थी अपने मनपसंद पाठ्यक्रम में प्रवेश पाने के लिए प्रयास करें एवं स्नातक परीक्षा उत्तीर्ण करने के बाद अपने मनपसंद व्यवसाय के लिए तैयारी करें, उन्हें मंजिल जरूर मिलेगी।

### दिलाई मतदान की शपथ

कलेक्ट्रेट में आयोजित कार्यक्रम में जिला पंचायत के मुख्य कार्यपालन अधिकारी रोहित सिसोनिया ने उपस्थित मेधावी विद्यार्थियों व उनके पालकों को आगामी 7 मई को लोकसभा निर्वाचन के लिए मतदान करने की शपथ भी दिलाई।

## ब्रेन डेड के बाद ऑर्गन्स पांच मरीजों को किए ट्रांसप्लांट

# पांच लोगों को जीवन दे गया जान गंवाने वाला एक युवक






हरिभूमि न्यूज ▶▶ हरदा

जिले की ग्राम छिदगांव तमोली में रहने वाला सुनील सिंह राजपूत और उसने एक साथी 23 अप्रैल को हादसे में घायल हो गए। ये हादसा शादी समारोह से लौटते समय हुआ था। जिसके बाद दोनों युवकों को गंभीर हालत में इलाज के लिए इंदौर के विशेष जूपिटर हॉस्पिटल में भर्ती कराया गया। जिनमें से सुनील को डॉक्टर्स ने ब्रेन डेड घोषित कर दिया। सुनील राजपूत का ब्रेन डेड के बाद उसके ऑर्गन्स पांच मरीजों को ट्रांसप्लांट किए गए। इनमें हार्ट और लंग्स अहमदाबाद के मरीजों को, दोनों किडनियां और लीवर इंदौर के मरीजों को ट्रांसप्लांट किए गए।

इसके लिए 56वां ग्रीन कॉरिडोर बनाया गया। एक कॉरिडोर विशेष जूपीटर हॉस्पिटल से चोइथराम हॉस्पिटल और दूसरा एयरपोर्ट तक के लिए बनाया गया। शनिवार को डॉक्टरों की टीम ने उसे ब्रेन डेड घोषित किया। इसके बाद मुस्कान ग्रुप के सेवादार जीतू बगानी, संदीपन आर्य व डॉक्टरों ने परिजन की अंगदान को लेकर काउंसिलिंग की तो उन्होंने सहमति दी। शनिवार शाम को इसके लिए दो ग्रीन कॉरिडोर बनाए गए। इसमें हार्ट और लंग्स के लिए हॉस्पिटल से एयरपोर्ट तक कॉरिडोर बनाया गया। फिर वहां से हार्ट और लंग्स को प्लेन से अहमदाबाद रवाना किया गया। एक किडनी और लीवर ज्युपीटर हॉस्पिटल में एडमिट मरीज को ट्रांसप्लांट की गई। दूसरी किडनी के लिए चोइथराम हॉस्पिटल तक के लिए कॉरिडोर बनाया गया और वहां ट्रांसप्लांट की गई। इस तरह भले ही अब सुनील राजपूत हमारे बीच नहीं है लेकर उसके द्वारा दान किए गए अंग अब पांच लोगों के शरीर में हैं।

## नारियल पेड़ पर बिजली गिरी, पेड़ जला



**हरदा।** जिला मुख्यालय से करीब 21 किमी दूर स्थित मगरधा में शनिवार रात 8.30 बजे नारियल के पेड़ पर बिजली गिर गई। जिसके कारण गांव में लगा नारियल का पेड़ जल गया। राम मंदिर के पीछे राजपूत मोहल्ले में रहने वाले मकरम सिंह सावनेर के मकान पर लगे नारियल के पेड़ पर तेज हवा व बिजली चमकने के दौरान अचानक आकाशीय बिजली गिर गई। इसके चलते पेड़ में आग लग गई। बिजली गिरने से एक घंटे पहले हल्की बूंदाबांदी भी हुई। हालांकि घटना में कोई हताहत नहीं हुआ।

## भरमार बंदूक और वन्य प्राणियों के अंग बरामद, तांत्रिक क्रिया में करते थे उपयोग

# वन्य प्राणियों के शिकार के मामले में पिता-पुत्र गिरफ्तार, पिता को भेजा जेल, पुत्र रिमांड पर

हरिभूमि न्यूज ▶▶ झिरन्या

सीमावर्ती महाराष्ट्र के वन परिक्षेत्र तितरान्या के सब रेंज गाड़गिया आम में वन्य प्राणियों का शिकार करने और उनकी हड्डियां तांत्रिक क्रिया में उपयोग करने पर पिता पुत्र को गिरफ्तार किया गया है। इन्हें प्रथम श्रेणी न्यायालय खरगोन में शनिवार को पेश किया गया, इनमें से पिता को जेल भेज दिया गया है और पुत्र को रिमांड पर वन विभाग को सौंप दिया गया है।

संपूर्ण घटनाक्रम के अनुसार वन परिक्षेत्र तितरान्या और चिरीया द्वारा शुक्रवार को गाड़गिया आम के आरक्षित वन क्षेत्र (कक्ष क्रमांक 834 ग्राम बोरवाल के बरस्या खोद्रा फाल्या के गिलदार पिता रूल्या के घर की तलाशी उसके पुत्र रमेश के समक्ष ली गई।





फलस्वरूप शिकार के लिए उपयोग में लाई जाने वाली भरमार बंदूक (चालू हालत में) बरामद की गई है। इसके अलावा उनके पास से बड़े छर्रे 33 नाग, छोटे छर्रे 526 नबारूद, टिकड़ी, बारूद ठोसने का सरिया, बंदूक रिपेयर सामग्री आदि बरामद किए गए हैं। जिसे पुलिस थाने में आवश्यक कार्रवाई के लिए सौंप दिया गया है।

### तांत्रिक क्रिया में होता है उपयोग

उक्त आरोपियों के पास वन अधिकारियों ने कई वन्य प्राणियों की हड्डियां मिली है और उन्हें बरामद कर लिया गया है। जिसका उपयोग वे तांत्रिक क्रिया में करते थे। इनमें हिरण का सिंग 1 नग (लंबाई 21 सेंमी), जंगली सूअर का दांत 1 नग एवं उसका सूखा मांस 2 टुकड़े, सियार की हड्डियां 8 नग और ऊंट की हड्डियां 7 नग आदि हैं। वन परिक्षेत्र अधिकारी पियूष प्रसाद चौधरी ने बताया कि इस सम्बन्ध में वन्य प्राणी संरक्षण अधिनियम 1972 का संशोधन नियम 2022 की विभिन्न धाराओं में प्रकरण दर्ज किया गया है। यह कार्रवाई डीएफओ प्रशांत कुमार के मार्गदर्शन में एसडीओ वन भीकनगांव दिनेश वास्कले,रेंजर चौधरी और सबरंग प्रभारी वीरेंन्द्र गोहिया सहित वनकर्मियों के दल द्वारा की गई।

## हज पर जाने वाले हज यात्रियों के लिए कैंप आयोजित

# 150 से अधिक महिला, पुरुष हज यात्री हुए कैंप में शामिल



**बुरहानपुर।** रविवार को असीरगढ़ स्थित जामा मस्जिद में हज पर जाने वाले हज यात्रियों के लिए हज तरबियती कैंप का आयोजन हुआ। इस दौरान खंडवा-बुरहानुपर से इस साल हज पर जाने वाले 150 महिला, पुरूष हज यात्री शामिल हुए। हज यात्रियों को मुफ्ती मोहम्मद अली कासमी, मुफ्ती अंसार साहब, मौलाना इकबाल साहब, मौलवी नदीम बैग, हज वेलफेयर सोसायटी के चेयरमैन मुकीत खान, हाजी मोहम्मद ऐजाज खान, हाजी मोहम्मद अली अंसारी ने शिरकत की। इस कैंप का आयोजन इंतजामिया कमेटी जामा मस्जिद असीर हाजी इकबाल अली और उनके सहयोगियों द्वारा किया गया था। दोपहर में मुफ्ती रहमतुल्लाह कासमी भी कैंप में शामिल हुए।

इस दौरान भोपाल शहर के मुफ्ती रईस अहमद खान कासमी ने हज यात्रियों को कुरआन व हदीस की रोशनी में हज के तरीके, विभिन्न जानकारी से अवगत कराया। खास बात यह है कि हज यात्रियों के आने जाने के लिए पुराने सिविल कोर्ट से वाहन की व्यवस्था भी की गई थी।

# दीप जलाकर दिया मतदान का संदेश



हरिभूमि न्यूज ▶▶ हरदा

आगामी 7 मई को लोकसभा निर्वाचन के लिए मतदान संपन्न होगा। इससे पूर्व मतदाताओं को मतदान के लिए प्रेरित करने के उद्देश्य से जिले में प्रतिदिन कार्यक्रम आयोजित किया जा रहे हैं। इसी क्रम में शनिवार शाम को टिमरनी में दीप जलाकर मतदाताओं को 7 मई को लोकसभा निर्वाचन के लिये मतदान करने हेतु प्रेरित किया गया। रविवार को ग्राम मांदला सहित विभिन्न ग्रामों में ग्रामीणों को मतदान की शपथ दिलाई गई। इसके अलावा बीएलओ द्वारा घर-घर जाकर मतदाता पर्ची का वितरण कर मतदाताओं से लोकसभा निर्वाचन के लिए मतदान करने की अपील की गई।

## कृषि उपज मंडी की व्यवस्थाओं की समीक्षा

**हरदा।** कलेक्टर आदित्य सिंह ने रविवार को हरदा की कृषि उपज मण्डी की व्यवस्थाओं एवं उपार्जन कार्य की प्रगति की समीक्षा की। मण्डी प्रांगण हरदा के बलराम भवन में आयोजित बैठक में कलेक्टर ने मंडी में वर्तमान उपार्जन, जिंसवार आवक जावक, प्राप्त मंडी शुल्क और अन्य प्रशासनिक व्यवस्थाओं के संबंध में जानकारी ली। कलेक्टर श्री सिंह ने उपस्थित अधिकारियों को कृषि उपज मण्डी की व्यवस्थाओं में सुधार लाने के निर्देश दिये। बैठक में मंडी सचिव मोहन सिंह चौहान, सहायक यंत्री मुकेश शर्मा तथा उप यंत्री सुभाष पाटीदार सहित अन्य मंडी कर्मचारी उपस्थित थे।

## कलेक्टर ने इलेक्ट्रॉनिक वोटिंग मशीन की कमिश्निंग का कार्य देखा



हरिभूमि न्यूज ▶▶ हरदा

आगामी 7 मई को लोकसभा निर्वाचन के लिए होने वाले मतदान से पूर्व सभी आवश्यक तैयारियां जिला प्रशासन द्वारा की जा रही हैं। इसी क्रम में इलेक्ट्रॉनिक वोटिंग मशीन की कमिश्निंग का कार्य शनिवार को शुरू हुआ था जो कि रविवार को भी जारी रहा। कलेक्टर एवं जिला निर्वाचन अधिकारी आदित्य सिंह ने रविवार को पॉलिटेक्निक कॉलेज पहुंचकर इलेक्ट्रॉनिक वोटिंग मशीन की कमिश्निंग का कार्य देखा और उपस्थित सहायक रिटर्निंग अधिकारी टिमरनी महेश बडोले तथा सहायक रिटर्निंग अधिकारी हरदा कुमार सानू को आवश्यक दिशा निर्देश दिए। उन्होंने यह कार्य निर्धारित समय सीमा में सोमवार शाम तक पूर्ण करने के निर्देश उपस्थित अधिकारियों को दिए।

## जिला अस्पताल में डायरिया मरीजों के लिए 25 बेड का नया वार्ड खोला, दो कूलर भी लगाए, कांग्रेस नेताओं ने लगाए थे सही ईलाज नहीं मिलने के आरोप

हरिभूमि न्यूज ▶▶ बुरहानपुर

रविवार को कांग्रेस पार्षद दल और इसमें शामिल अन्य कांग्रेस नेताओं ने जिला अस्पताल पहुंचकर डायरिया से पीड़ित मरीजों से चर्चा की थी। सही ईलाज, सुविधा नहीं होने की बात कहते हुए नारेबाजी कर विरोध दर्ज कराया था। कलेक्टर भव्या मित्तल से चर्चा की थी। कलेक्टर ने ओर अच्छे तरीके से अस्पताल में व्यवस्थाएं जुटाने के निर्देश सीएमएचओ डॉ. राजेश सिसौदिया को दिए। इसके बाद रविवार शाम यहां डायरिया पीड़ित मरीजों के लिए 25 बेड का एक नया वार्ड खोल दिया गया।

सीएमएचओ डॉ. राजेश सिसौदिया ने बताया अस्पताल में 25 बेड का नया वार्ड खोल दिया है। यहां दो टेंट वाले बड़े कूलर भी लगा दिए गए हैं। मरीज ज्यादा आने से अस्पताल में संख्या अधिक हो गई थी। अब यहां 3-3 का स्टाफ भी तैनात किया गया है। फील्ड से भी कर्मचारियों की ड्यूटी यहां लगा दी गई है। वर्तमान में केवल 44 पेशेंट ही अस्पताल में भर्ती हैं।



### इधर... नगर निगम आयुक्त ने भी किया वार्डों में निरीक्षण

नगर निगम आयुक्त संदीप श्रीवास्तव ने डायरिया से प्रभावित वार्डों का निरीक्षण किया। उन्होंने पानी सप्लाई की स्थिति की जानकारी ली। कर्मचारियों से कहा कि पानी सप्लाई की स्थिति सुबह शहर में नल खुलने के समय अधिकारी फील्ड में रहकर देखेंगे कि जलसंकटग्रस्त वार्डों में पेयजल आपूर्ति को लेकर समस्या क्यों आ रही है। इसका निराकरण किया जाएगा। आयुक्त ने सीवरेज योजना के तहत कराए जा रहे कामों का भी निरीक्षण किया। खैराती बाजार वार्ड के पार्षद और रहवासियों से गंदे पानी की सप्लाई की जानकारी ली। नागझिरी, बैरी मैदन आदि वार्ड का भी निरीक्षण किया। निरीक्षण के दौरान पार्षद प्रतिनिधि मोहम्मद जावेद, कार्यपालन यंत्री प्रेम कुमार साहू, कार्यालय अधीक्षक संदीप तिवारी सहित अन्य निगम अफसर मौजूद थे।

## हनुमान जन्मोत्सव के उपलक्ष्य में भंडारे का आयोजन, हजारों भक्तों ने प्रसादी ग्रहण की




**बुरहानपुर।** बुधवारा रोड स्थित प्राचीन हनुमान मंदिर में हनुमान जन्मोत्सव के उपलक्ष में सुंदर कांड वाचन और भंडारे का आयोजन संपन्न हुआ। जिसमें लगभग 10000 लोगों ने प्रसादी ग्रहण की। भक्तजनों ने हनुमान मंदिर में चोला चढ़ाकर पूजा अर्चना की। इसके बाद दोपहर 12 बजे से भंडारा शुरू हुआ। मंदिर सेवक बच्चू भगत ने बताया एक महिला को स्वप्न में यहां 150 वर्ष प्राचीन बजरंगबली की मूर्ति एक मकान में स्थापित दिखाई दी थी जिसके बाद उस जगह की साफ सफाई की गई तो उसी स्थान से हनुमान जी का मंदिर निकला तब से ही हनुमान जी की मूर्ति की पूजा अर्चना कर भंडारे का आयोजन किया जा रहा है। हमारे लिए यह किसी चमत्कार से कम नहीं की भक्तों की श्रद्धा को देखते हुए साक्षात हनुमान प्रकट हुए। वहीं मंदिर सेवक कमलेश शाह ने बताया हनुमान जयंती पर लगभग 30 वर्षों से लगातार विशाल भंडारे का आयोजन किया जा रहा है जिसमें सभी लोगों का भरपूर सहयोग रहता है। यहां शहर के साथ साथ अन्य जिलों और ग्रामीण अंचलों से भी भक्तगण आते हैं। वही सेवक धर्मेंद्र ब्रहस्पति ने कहा कि हनुमान मंदिर में भक्तों की सुख, शांति, समृद्धि, प्रगति, खुशहाली की कामना की गई।